खबर संक्षेप

एकलव्य आवासीय विद्यालय में 27 अक्टूबर को जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

मैहर। स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अंतर्गत 27 अक्टूबर को एकलव्य आवासीय विद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में जिला स्तरीय युवा उत्सव आयोजित किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस उत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा समूह लोक नृत्य, लोकगीत, पेंटिंग, कविता लेखन और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इच्छुक प्रतिभागियों को 23 अक्टूबर तक अपने आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिला खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय,सतना में जमा करने होंगे। जिला स्तर पर चयनित युवा संभाग और राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

मैहर में निकला भव्य चल समारोह, काली माता के खप्पर खेल ने मोहा मन

मैहर। धार्मिक नगरी मैहर में विजयादशमी के पावन पर्व पर चल दशहरा समारोह के दूसरे दिन माता की आकर्षक झांकियों और काली माता के खप्पर खेल ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। केवीसी बाल दुर्गा उत्सव समिति,गल्ला मंडी द्वारा आकर्षक झांकियों के साथ नगर भ्रमण किया गया,जिसके बाद प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान पूरे मार्ग में माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय नजर आया।कार्यक्रम को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान और थाना प्रभारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल मुस्तैद रहा। पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था से श्रद्धालुओं ने बिना किसी असुविधा के उत्सव का आनंद लिया।

सड़कों पर अवैध बैनर-पोस्टरों पर चला नगर निगम का चाबुक दिशा सूचक बोर्ड हुए साफ



सतना। शहर के बिजली के खंभों और दिशा-सूचक (सूचना) बोर्डों पर अवैध रूप से बैनर और पोस्टर चिपकाने वालों के खिलाफ नगर निगम ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाया है। गुरुवार को नगर निगम की टीम ने शहर भर में विशेष अभियान चलाकर भारी मात्रा में पोस्टर और बैनर हटाए। दरअसल,शहर में कलेक्ट्रेट,सर्किट हाउस और मुख्य मार्गों की जानकारी देने वाले सूचना बोर्डों पर नेताओं और स्थानीय लोगों द्वारा जन्मदिन व अन्य आयोजनों के बड़े-बड़े बैनर लगा दिए जाते थे।

इससे बाहर से आने वाले यात्रियों और नागरिकों को सरकारी दफ्तरों व सही रास्तों का पता लगाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी धीरज कुमार मिश्रा ने बताया कि सर्किट हाउस से कोठी तिराहा, सिविल लाइन,धवारी मोड़,सिटी कोतवाली और स्टेशन रोड सहित कई प्रमुख इलाकों से अतिक्रमण हटाया गया है। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि लोगों ने इन खंभों और सूचना पटलों को जैसे अपनी निजी जागीर समझ लिया था। इस कार्रवाई से अब रास्ते और सूचना बोर्ड साफ नजर आ रहे हैं।

नारायण तालाब मेला ग्राउण्ड में लगेंगी पटाखा दुकानें

चाइनीज पटाखा बेचने वालों की खैर नहीं

सतना।



दीपावली और देव उठनी एकादशी पर्व पर सतना शहर में पटाखा और आतिशबाजी लाइसेंसधारी फुटकर विक्रेताओं की दुकानें नारायण तालाब मेला ग्राउण्ड पर लगेंगी। सतना नगर एवं जिले के तहसील स्तरीय नगरों में लगाई जाने वाली पटाखा दुकानें,बिक्री एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अपर जिला मजिस्ट्रेट विकास सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस मौके पर पटाखा विक्रेताओं को विस्फोटक अधिनियम 1984,विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908,विस्फोटक अधिनियम 2008 तथा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। अपर कलेक्टर ने कहा कि कार्बाइड और चाइनीज पटाखों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल कुर्वे,एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया,ग्रामीण एलआर जांगडे,डिप्टी कलेक्टर अनुराग तिवारी तथा पटाखा आतिशबाजी व्यवसायी उपस्थित थे। अपर जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में निर्णय लिया गया कि सतना शहर में आतिशबाजी,पटाखे की दुकानें,अस्थाई शेड में मेला ग्राउण्ड में लगेगी। यहां नगर निगम द्वारा लगभग 100से अधिक अस्थाई शेड दुकानों का ले आउट तैयार किया गया है। विक्रेताओं के लिए नियत स्थल पर आतिशबाजी पटाखा भण्डारण,सुरक्षा व्यवस्था,फायर ब्रिगेड,पुलिस व्यवस्था,बिजली सप्लाई,यातायात व्यवस्था,इन्ट्री और एक्सिट पृथक गेट की व्यवस्था की जायेगी। दीपावली,एकादशी पर्व पर जिले में निर्धारित विक्रय स्थल के अलावा अवैध रूप से आतिशबाजी के भण्डारण एवं विक्रय करने वालों पर सूचना मिलने पर कडी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में दीपावली और एकादशी पर समय रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे के बीच ग्रीन फटाखों का ही उपयोग करने की अपील की गई है। आतिशबाजी विक्रेता 125 डेसीबल से ज्यादा आवाज वाले किसी भी प्रकार के पटाखे का विक्रय नहीं करेगा। सभी अस्थाई लाइसेंस प्राप्त दुकानदार अनुज्ञप्ति जारी करने में दी गई शर्तों का अनिवार्य रूप से पालन करेंगे। प्रत्येक दुकानदार सावधानी बरतने के साथ दो-दो बाल्टियों में पानी,रेत एवं अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था रखेंगे। नियत स्थान अथवा नियत अवधि के अलावा आतिशबाजी पटाखा विक्रय करने पर अनुज्ञप्ति निरस्त कर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। पटाखों की बिक्री रात 10 बजे तक ही की जा सकेगी। अस्थाई दुकानें आमने-सामने नहीं होंगी और एक दूसरे से 3 मीटर की दूरी पर रहेंगी। किसी दुकान से 50 मीटर की दूरी के क्षेत्र में आतिशबाजी का प्रदर्शन नहीं होगा तथा दुकानों में प्रकाश के लिए खुली बिजली बत्ती,गैस,तेल लैंप का प्रयोग नहीं किया जाएगा। पटाखा लाइसेंस धारियों को विस्फोटक अधिनियम का पालन दृढ़ता पूर्वक करना होगा।



पिपराकलां के खेरमाई मंदिर में हुआ बुजुर्गों का सम्मान और भंडारे का आयोजन

मैहर। ग्राम पिपराकलां स्थित खेरमाई माता मंदिर परिसर में पिपरा सगवाडल बिरादरी संस्थान के तत्वाधान में भव्य वृद्धजन सम्मान समारोह एवं भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजक दीपू मिश्रा के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में पूर्व तहसीलदार बीके मिश्रा ने क्षेत्र के बुजुर्गों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस पहल का उद्देश्य बुजुर्गों के अनुभवों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना और समाज में आपसी सद्भाव व संस्कार मजबूत करना था। सम्मान के बाद आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान विद्यालय के समस्त स्टाफ सहित पत्रकार उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत डेल्हा में प्रतिभाओं,पुलिसकर्मियों और वृद्धजनों का सम्मान

मैहर। विजयादशमी के अवसर पर ग्राम पंचायत डेल्हा में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सरपंच अभिषेक जायसवाल की पहल पर 25 फीट ऊंचे रावण का निर्माण करने वाले अनमोल कुशवाहा को शील्ड एवं माता की चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही,पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाले पुलिस प्रशासन,आकर्षक झांकियों के आयोजकों और गांव के वरिष्ठजनों का भी स्वागत किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज के विकास में कलाकारों,पुलिस और बुजुर्गों के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करना था। ग्रामीणों ने इस प्रेरणादायक पहल की जमकर सराहना की।

मझगवां में नशा मुक्ति जागरूकता यात्रा का आयोजन



सतना। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता यात्रा निकाली गई,जिसका शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया,इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की बहनों,उनकी टीम और ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। यात्रा के दौरान नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया और नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। किरण अग्रवाल पूर्व सरपंच मालती शर्मा इस पहल में आशुतोष द्विवेदी,निखिल गौतम,विनय,योगेंद्र सिंह चौहान,नूतन शर्मा,मयंक गर्ग,संत शरण यादव,राम अवतार,राहुल उपाध्याय,अनिल अग्रवाल,कैलाश सिंह,पंकज कपूर,नन्हू जयसवाल,गुलाब शर्मा,नवीन राज,कमलेश साहू और गोलू यादव सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और विकास कार्यों पर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



सतना। चित्रकूट विकास प्राधिकरण (सीडीए) कार्यालय में गुरुवार को प्राधिकरण की द्वितीय बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीडीए अध्यक्ष विजय यादव ने की। बैठक में धार्मिक नगरी चित्रकूट में अवस्थापना विकास,तीर्थयात्रियों की सुविधाओं,सुरक्षा व्यवस्था तथा आगामी दीपावली मेले की तैयारियों को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में कलेक्टर एवं सीईओ डॉ.सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर,टीएसपी से नागेश पेन्द्रो,विद्युत कंपनी के अधीक्षण यंत्री प्रशांत सिंह,मैनेजर स्मार्ट सिटी दीपेन्द्र सिंह,सीएमओ नगर परिषद अंकित सोनी सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में चित्रकूट विकास प्राधिकरण कार्यालय के सुचारू संचालन के लिए आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों,जैसे भृत्य एवं चौकीदार की नियुक्ति किए जाने पर सहमति बनी।

मैहर में 'सनातन संवाद' आज, तैयारियां पूरी, तीन ड्रोन और सैकड़ों कैमरों से होगी निगरानी



मैहर। केजेएस सीमेंट कॉलोनी परिसर में 23 अक्टूबर को पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बागेश्वर बाबा) के सान्निध्य में 'सनातन संवाद' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं,जिसमें तीन ड्रोन कैमरे और सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए पुलिस बल के साथ-साथ केजेएस सीमेंट के हजारों कर्मचारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुख्य मार्ग पर पेयजल,चलित शौचालय और व्यापक पार्किंग की व्यवस्था की गई है।इस ऐतिहासिक आयोजन में सनातन संस्कृति और राष्ट्र जागरण का संदेश गूंजेगा।

1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि पर मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे-आपत्तियां ली जाएंगी

सतना। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 का कार्यक्रम जारी किया गया है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के पालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 चित्रकूट, 62 रैगांव, 63 सतना, 64 नागौद एवं 67 रामपुर बाघेलान में निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण की कार्यवाही निर्धारित समय-सारणी के अनुसार की जाएगी।इसके लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

मौसमी पोषण के प्रति किया जागरूक

सतना। अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत वृद्धाश्रम सोनौरा में गत दिवस वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य, खान-पान में सुधार तथा मौसमी फलों के सेवन के महत्व को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों को स्वस्थ रहने के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने तथा मौसम के अनुसार उपलब्ध फलों का सेवन करने के संबंध में जानकारी दी गई।

ए.के.एस. विश्वविद्यालय के शोधार्थी का मधुमेह के उपचार से जुड़े पेटेंट आवेदन प्रकाशित



सतना। एकेएस विश्वविद्यालय, सतना के राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की शोधार्थी नेहा गोयल और संस्थान के प्रोफेसर एवं निदेशक डॉ.सूर्य प्रकाश गुप्ता के नाम से मधुमेह के प्रबंधन के लिए औषधीय पौधों से कैप्सूल तैयार करने से संबंधित पेटेंट आवेदन प्रकाशित हुआ है।

भारत के पेटेंट कार्यालय के आधिकारिक राजपत्र में 30 मई 2025 को प्रकाशित इस आवेदन में तीन औषधीय पौधों से तैयार कैप्सूल का उल्लेख किया गया है। इनमें वरुण कुल का एक पौधा,जामुन और करी पत्ता शामिल हैं। इन पौधों से प्राप्त अर्क का उपयोग कैप्सूल बनाने में किया जाना प्रस्तावित है। आवेदन में बताया गया है कि कैप्सूल तैयार करने की ऐसी विधि अपनाने का प्रयास किया गया है,जिससे शरीर को इन पौधों में मौजूद उपयोगी तत्वों का लाभ बेहतर तरीके से मिल सके। साथ ही,कैप्सूल की गुणवत्ता बनाए रखने और उसकी उपयोगिता का आकलन करने की प्रक्रिया भी इसमें शामिल है। औषधीय पौधों के उपयोग से मधुमेह के प्रबंधन के लिए नए विकल्प विकसित करने की दिशा में यह शोध एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

स्वामित्व योजना में मैहर तहसील ने मारी बाजी, प्रदेश में हासिल किया पहला स्थान

मैहर। प्रशासनिक इच्छाशक्ति और बेहतर कार्यप्रणाली के चलते मैहर जिले की मैहर तहसील ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत संपत्ति रजिस्ट्री में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मैहर ने 1,143 रजिस्ट्रियों के साथ यह मुकाम हासिल किया है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मैहर की प्रशासनिक कार्यप्रणाली और कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी के नेतृत्व की सराहना की है। इस सफलता में अपर कलेक्टर रोशन राय,एसडीएम दिव्या पटेल और तहसीलदार जितेंद्र पटेल सहित राजस्व अमले की सक्रिय भूमिका रही। इस उपलब्धि से जिले के प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों में भारी उत्साह का माहौल है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

मैहर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023की धारा 163के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार जिले में लोहे/स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखों (कार्बाइड गन) को बनाने,भण्डारण,विक्रय,वितरण,प्रदर्शन एवं चलाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इस प्रकार के पटाखे चलाने से एक ओर अत्यधिक ध्वनि पैदा होती है,वहीं दूसरी ओर इनसे आम जन के स्वास्थ्य तथा पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।आदेश का उल्लंघन की दशा में तत्काल नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह आदेश दिनांक 22.10.2026 से लागू होगा तथा दिनांक 21.12.2026 तक की अवधि में प्रभावशील रहेगा।

चित्रकूट में 25 से 27 अक्टूबर तक होगा शरदोत्सव

सतना। जिला प्रशासन सतना,दीन दयाल शोध संस्थान चित्रकूट के सहयोग से संस्कृति संचालनालय द्वारा भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की स्मृति में शरदोत्सव का आयोजन 25 से 27 अक्टूबर 2026 तक उद्यमिता विद्यापीठ दीनदयाल परिसर चित्रकूट में किया जा रहा है। बहुवर्णी कलाओं के इस समारोह में प्रतिदिन शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 25 अक्टूबर को पवन तिवारी एवं साथी,टीकमगढ़ तथा रूट्स नादात्म भोपाल द्वारा भक्ति गायन प्रस्तुत किया जाएगा। 26 अक्टूबर को अभिनयना डांस अकादमी पुरी द्वारा श्रीकृष्ण बाल लीला की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद आशा वैष्णव एवं साथी अहमदाबाद द्वारा भक्ति गायन होगा। 27 अक्टूबर को शासकीय संगीत महाविद्यालय मैहर के द्वारा मैहर वाद्यवृंद की प्रस्तुति दी जायेगी। इसके बाद श्रीराम अय्यर एवं साथी मुम्बई द्वारा भक्ति एवं सुगम संगीत की प्रस्तुति दी जायेगी। शरदोत्सव की संध्या में आमजनों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

गौशालाओं में पराली के उचित भण्डारण के निर्देश

सतना। कलेक्टर एवं जिला गौशाला समिति के अध्यक्ष डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा जिले की समस्त गौशालाओं के संचालकों को गोवंशों के उचित भरण-पोषण के लिए पराली (पैरा) का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि प्रत्येक गौशाला में उपलब्ध गोवंशों की संख्या के आधार पर प्रत्येक गोवंश के लिए प्रतिदिन कम से कम 10 किलोग्राम के हिसाब से तीन माह के लिए पराली का भंडारण करना सुनिश्चित किया जाए।

दुर्गा विसर्जन के दौरान पथराव का आरोप, कार्यवाही की मांग, चक्काजाम की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम रोहनिया में दशहरा दुर्गा विसर्जन जुलूस के दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि जुलूस जब बाजार चौक स्थित आदिवासी मोहल्ले से गुजर रहा था, तब एक मकान की छत से माँ दुर्गा की प्रतिमा एवं श्रद्धालुओं पर पत्थरबाजी की गई। घटना से नाराज ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी को सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, 20 अक्टूबर को ग्राम रोहनिया में प्रतिवर्ष की भांति धूमधाम से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का जुलूस निकाला जा रहा था। आरोप है कि बाजार चौक के पास छत से प्रतिमा और विसर्जन में शामिल लोगों पर पत्थर फेंके गए, जिससे पत्थर प्रतिमा एवं जुलूस में चल रहे श्रद्धालुओं को लगे। घटना के बाद से रोहनिया गाँव और आसपास के समूचे क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यह धार्मिक भावनाओं और सनातन परंपरा पर चोट है। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित महिला एवं उसके पति के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए।

25 अक्टूबर को शाम 7 बजे, हर घर धुरंधर! रणवीर सिंह की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' का पहली बार फ्रीडिश दर्शकों के लिए स्टार उत्सव मूवीज़, कलर्स सिनेप्लेक्स बॉलीवुड और कलर्स सिनेप्लेक्स सुपरहिट्स पर प्रीमियर

इस मेगा प्रीमियर के 10 करोड़ से ज्यादा घरों तक पहुँचने की उम्मीद है, जिससे धुरंधर भारत के कोने-कोने तक पहुँचेगी

सतना। भव्यता, रोमांच और शानदार एक्शन से भरपूर! इस अक्टूबर, फिल्म 'धुरंधर' भारत के हर कोने तक पहुँचने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। पहली बार यह फिल्म फ्रीडिश दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी। रणवीर सिंह की रोमांच से भरपूर स्पाई सागा 'धुरंधर' का प्रीमियर 25 अक्टूबर, 2026 को शाम 7 बजे एक साथ स्टार उत्सव मूवीज़, कलर्स सिनेप्लेक्स बॉलीवुड और कलर्स सिनेप्लेक्स सुपरहिट्स पर होगा। देश के लिए पर्दे के पीछे रहकर काम करने वाले उन गुमनाम नायकों को समर्पित एक्शन से भरपूर फिल्म 'धुरंधर' में रणवीर सिंह एक दमदार और यादगार अंदाज़ में नजर आएँगे। फिल्म में उनके साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी और सारा अर्जुन जैसे शानदार कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म को शानदार एक्शन, तालियाँ बजाने पर मजबूर कर देने वाले संवादों और कलाकारों के बेहतरीन अभिनय के लिए हर तरफ से सराहना मिली है। शाश्वत सचदेव के संगीत को भी दर्शकों का खूब प्यार मिला है और इसके गाने काफी लोकप्रिय हुए हैं। 'धुरंधर' का जादू भारत के हर घर तक पहुँचाने वाला यह फ्रीडिश प्रीमियर 10 करोड़ से अधिक घरों तक पहुँचने की उम्मीद है। इससे यह ब्लॉकबस्टर फिल्म बड़े शहरों से लेकर गाँवों और छोटे कस्बों तक के दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी। फ्रीडिश पर फिल्म के भव्य प्रीमियर को लेकर जियो हॉटस्टार के प्रवक्ता ने कहा, "धुरंधर सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि अब यह पॉप कल्चर का हिस्सा बन चुकी है।

खबर संक्षेप

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार कल पन्ना में



पन्ना। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार 24 अक्टूबर को पन्ना जिले के भ्रमण पर आ रहे हैं श्री सिंघार सतना से चलकर 11रू30 बजे पन्ना सर्किट हाउस पहुंचेंगे।। तत्पश्चात अजयगढ़ तहसील अंतर्गत मझगांय बांध में विस्थापन की राशि को लेकर विगत 42 दिनों से चल रहे आंदोलन में शामिल होंगे। तथा पीड़तों से मुलाकात करेंगे। तत्पश्चात वापस पन्ना पहुंचेंगे तथा स्थानीय पत्रकारों से एवं कार्यकर्ताओं से सर्किट हाउस में मुलाकात करेंगे रात्रि विश्राम पन्ना में ही करेंगे। 25 अक्टूबर को नेता प्रतिपक्ष कटनी के लिए रवाना होंगे उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा द्वारा दी गई है।

अनियंत्रित होकर बस खाई में गिरी बाल बाल बचे यात्री



पन्ना। सतना से पन्ना जा रही अंबे कंपनी की बस अनियंत्रित होकर सकरिया ग्राम के पास अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे खाई में जा गरी जिसमें सवार यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं किसी प्रकार की बड़ी घटना घटित नहीं हुई लेकिन बस खाई में गिरते ही अफरा तफरी मच गई स्थानीय लोगों ने पहुंच कर सवारियों को निकलने में मदद की सतना जा रहे कांग्रेस नेता जितेंद्र जाटव ने भी यात्रियों को ऊपर से बाहर निकाला तथा उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचा कर देवेंद्रनगर थाना पुलिस को सूचना दी गई पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई।

अहंकारी सरकार को बदलने में युवा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं करनजीत सिंह परमार



पन्ना। हमारे देश में प्रजातांत्रिक प्रणाली है। प्रजातंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को वोट देने का अधिकार है और उक्त वोट से ही सरकार बनती हैं प्रजातंत्र का उद्देश्य जनता का जनता के लिए जनता के द्वारा चुनी गई सरकार होती है सरकार प्रत्येक वोटर के द्वारा चुनी जाती है यही प्रजातंत्र है लेकिन वर्तमान समय में चुनाव आयोग के माध्यम से वोट चोरी की जा रही है तथा लोगों के वोट काटे जा रहे हैं एवं लगातार प्रजातंत्र का गला घोट जा रहा है वर्तमान सरकार भी वोट चोरी से ही बनी है इसलिए देश में चारों तरफ अराजकता फैली है महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है इसलिए सरकार को बदलने के लिए हम सभी को एक जुटता के साथ कार्य करना होगा। और यह कार्य यह करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उक्त विचार दिल्ली आंदोलन में शामिल हुए पन्ना जिले के युवा नेता करनजीत सिंह परमार ने पत्रकारों के समक्ष व्यक्त किए उन्होंने पन्ना जिले से लेकर पूरे देश में युवाओं को अपना भविष्य बचाने के लिए आंदोलन में शामिल होने का आवाहन किया है श्री परमारने कहा कि देश के अनेक प्रांतो में वोट काटकर तथा वोट चोरी करके सरकारें बनाई गई इसी के चलते सारे देश में अराजकता का माहौल कायम है आम लोगों को अपनी बात कहने का अधिकार नहीं है जो भी अपनी बात कहता है उसे सरकार पुलिस के माध्यम से मुंह बंद करने का कार्य करती है देश के युवाओं पत्रकारों वकीलों सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा दिल्ली में प्रदर्शन करने के दौरान जबरदस्ती लाठी चार्ज किया गया मारा। युवा लड़कियां महिलाओं को पीटा गया। तथा आंदोलन करने की इजाजत नहीं दी गई जबरदस्ती जेल में बंद कर दिया गया। उनके साथ बर्बरता पूर्वक कार्यवाही की गई जो प्रजातांत्रिक प्रणाली में दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने चुनाव आयोग ज्ञानेश कुमार गुप्ता को बोट चोरी का मुख्य आरोपी बताते हुए कहा कि सरकार द्वारा सारे अधिकार चुनाव आयोग को दे दिए गए और उसी के माध्यम से पूरे देश में वोट चोरी की जा रही है।

श्रीजी पैलेस होटल मारपीट कांड में दो आरोपी गिरफ्तार, 12 बोर का कट्टा-कारतूस बरामद

थाना से घटनास्थल तक कराई पुलिस परेड, 7 लाख की कार सहित मोबाइल जब्त

अमानगंज। श्रीजी पैलेस होटल में कमरा किराये पर लेने, रुपये और रजिस्टर में एंट्री को लेकर हुए विवाद में होटल संचालक एवं कर्मचारियों के साथ मारपीट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पन्ना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 12 बोर का एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन और करीब सात लाख रुपये कीमत की मारुति स्विफ्ट कार जब्त की गई है। पुलिस ने 20 अक्टूबर 2026 को दोनों आरोपियों को थाना अमानगंज से घटनास्थल श्रीजी पैलेस होटल तक पैदल ले जाकर पुलिस परेड कराई। मामले में पुलिस की कार्रवाई और थाना प्रभारी निरीक्षक हेमंत नायक की कार्यशैली क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, दिनांक 19 अक्टूबर 2026 को थाना अमानगंज में पदस्थ प्रधान आरक्षक शिवम शर्मा थाना प्रभारी निरीक्षक हेमंत नायक के निर्देश पर विवेचना एवं अन्य शासकीय कार्य के लिए सहायक उपनिरीक्षक प्रीतम सिंह और आरक्षक क्रमांक 681 अंगराज पटेल के साथ निजी वाहन से पन्ना की ओर रवाना हुए थे। रास्ते में मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की मारुति स्विफ्ट कार में दो व्यक्ति अवैध हथियार लेकर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं।पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना से हमराही स्टाफ को अवगत कराया और सूचना संबंधी पंचनामा तैयार किया। इसके बाद मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान की ओर रवाना हुई। रास्ते में राहगीर सिब्बू राजपूत, निवासी बम्हौरी को गवाह के रूप में साथ लिया गया। पुलिस टीम मकरदगंज मोड़ पर पहुंची, जहां सफेद रंग की बिना नंबर प्लेट लगी मारुति स्विफ्ट कार दिखाई दी। पुलिस द्वारा वाहन रोकने का प्रयास करने पर कार सवार वाहन लेकर मकरदगंज गांव की ओर भागने लगे। कुछ दूरी पर उन्होंने कार सड़क किनारे खड़ी कर दी और भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।



कार से मिला 12 बोर का देशी कट्टा, बैरल में फंसा था कारतूस

पकड़े गए व्यक्तियों ने अपने नाम विक्की बुंदेला उर्फ नरेंद्र सिंह, पिता स्वर्गीय बिंध्यराज सिंह, उम्र 24 वर्ष, निवासी ककरा तथा विक्की राजा बुंदेला, पिता मुलायम सिंह बुंदेला, उम्र 20 वर्ष, निवासी पवई, अमानगंज बताए। पूछताछ में विक्की राजा बुंदेला ने कार को अपना बताया। पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार की पीछे की सीट के नीचे, कंडक्टर साइड की ओर से एक 12 बोर का एक नली वाला देशी कट्टा बरामद हुआ। कट्टे के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (ठछै) की धारा 94 के तहत नोटिस दिया गया, लेकिन आरोपी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। कट्टे को सावधानीपूर्वक खोलकर देखने पर उसकी बैरल में एक कारतूस फंसा मिला। इसके बाद विक्की राजा बुंदेला की जामा तलाशी लेने पर उसकी पैंट की बाईं जेब से एक नीले रंग का जिंदा 12 बोर का कारतूस बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों का यह कृत्य आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 के तहत दंडनीय पाए जाने पर पृथक अपराध पंजीबद्ध किया गया,सात लाख की कार और दो मोबाइल फोन जब्त पुलिस ने कार्रवाई के दौरान निम्नलिखित सामान जब्त किया,मारुति स्विफ्ट काररू अनुमानित कीमत 7,00,000 कार में मौके पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी, जबकि डिक्की में डच 2ऱ्1 ज्ञ 7341 नंबर की प्लेट रखी मिली।वाहन चेसिस नंबररू ड।ऱ्3थ्थ्क्ष्ज्ञज्ञ्520800 वाहन इंजन नंबररू 12।थ्415072 एक 12 बोर का देशी कट्टा, बैरल में एक कारतूस फंसा हुआ। दो 12 बोर के कारतूसरू एक कट्टे की बैरल में फंसा और दूसरा आरोपी की जेब से बरामद।एक एमआई कंपनी का मोबाइल फोनरू अनुमानित कीमत 5,000। एक रियलमी कंपनी का मोबाइल फोनरू अनुमानित कीमत 5,000। एमआई मोबाइल में प्डम्-1 862261072338628 और प्डम्-2 862261072338636 दर्ज हैं। इसमें जियो कंपनी की सिम क्रमांक 8815019813 लगी थी। वहीं, रियलमी मोबाइल में प्डम्-1 866389080504954 और प्डम्-2 866389080504947 दर्ज हैं। इसमें सिम क्रमांक 9243645785 लगी थी। पुलिस ने जब्ती की कार्रवाई 20 अक्टूबर 2026 को रात 12रू45 बजे गवाहों की मौजूदगी में विधिवत पूरी कर जब्त सामान सीलबंद किया। वाहन को सुरक्षा के लिए थाना परिसर में खड़ा कराया गया तथा जब्त सामग्री मालखाने में जमा की गई।

रात में हुई गिरफ्तारी, चोट लगने पर कराया मेडिकल

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, विक्की राजा बुंदेला को 20 अक्टूबर की रात 1रू20 बजे और विक्की बुंदेला उर्फ नरेंद्र सिंह को रात 1रू30 बजे गिरफ्तारी का कारण बताते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (ठछै) की धारा 47 के तहत नोटिस तामील कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को मोबाइल फोन के माध्यम से दी गई। भागने के दौरान गिरने से दोनों आरोपियों ने पैरों में दर्द एवं चोट की शिकायत की। इसके बाद पुलिस उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज ले गई, जहां उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया।

होटल में मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में भी कार्रवाई

गौरतलब है कि श्रीजी पैलेस होटल में 8 अक्टूबर 2026 की रात कमरा किराये पर लेने, रुपये और रजिस्टर में एंट्री को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के दौरान होटल संचालक एवं कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। इसके बाद आरोपी दोबारा होटल पहुंचे और डंडों से लैपटॉप, एलसीडी टीवी, कूलर, कुर्सियों सहित अन्य सामान में तोड़फोड़ की। बीच-बचाव करने पहुंचे होटल संचालक, कर्मचारियों और उनके पुत्र के साथ भी मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। इस मामले में थाना अमानगंज में अपराध क्रमांक 620/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धाराओं 115(2), 296(बी), 351(3), 324(6), 119(1), 331(6) एवं 3(5) में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। अवैध हथियार बरामदगी के मामले में आर्म्स एक्ट की धाराओं 25 एवं 27 के तहत पृथक कार्रवाई की गई है।

थाना प्रभारी हेमंत नायक की कार्यशैली चर्चा में

20 अक्टूबर को पुलिस ने दोनों आरोपियों को थाना अमानगंज से घटनास्थल श्रीजी पैलेस होटल तक पैदल ले जाकर पुलिस परेड कराई। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर अमानगंज सहित आसपास के क्षेत्रों में चर्चा है। होटल में मारपीट और तोड़फोड़ के आरोपों के बाद गिरफ्तारी तथा अवैध हथियार बरामदगी की कार्रवाई से कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता सामने आई है। थाना प्रभारी निरीक्षक हेमंत नायक की कार्यशैली को लेकर क्षेत्र में चर्चा हो रही है। जहां पुलिस की सख्ती से कानून का भय कायम होने की उम्मीद जताई जा रही है, वहीं आमजन में अमन-चौन और सुरक्षा का माहौल बनाए रखने की अपेक्षा भी बढ़ी है। पुलिस की आगे की कार्रवाईरू प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मामले में एक आरोपी को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि एक अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है और प्रकरण में विवेचना जारी है।

सराहनीय योगदान- थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक हेमंत नायक, सहायक उपनिरीक्षक प्रीतम सिंह, प्रधान आरक्षक शिवम शर्मा, बृजेश, अनिल गर्ग, आरक्षक मेहरबान, मुनेन्द्र तथा साइबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

थाना प्रभारी हेमंत नायक के स्थानांतरण से अमानगंज में हलचल, फैसला स्वीकार नहीं कर पा रही क्षेत्र की जनता

पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, कई थानों के प्रभारी बदले; अमानगंज में नए थाना प्रभारी होंगे रोहित कुमार मिश्रा

अमानगंज/पन्ना। पन्ना जिले के पुलिस विभाग में हुए बड़े प्रशासनिक फेरबदल के बाद अमानगंज क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। अमानगंज थाना प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार नायक के स्थानांतरण की खबर सामने आते ही नगर और आसपास के क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों के बीच इस स्थानांतरण को लेकर नाराजगी की चर्चाएं हैं और कई लोग इस निर्णय को सहजता से स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 22 अक्टूबर 2026 को जारी स्थानांतरण एवं पदस्थापना सूची में जिले के कई थानों और पुलिस इकाइयों में अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। इस फेरबदल के तहत निरीक्षक हेमंत कुमार नायक को कोतवाली पन्ना की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि निरीक्षक रोहित कुमार मिश्रा को अमानगंज थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ किया गया है।



स्थानांतरण को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म- हेमंत कुमार नायक के स्थानांतरण के बाद अमानगंज नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में इस निर्णय को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोग अपने-अपने स्तर पर स्थानांतरण के कारणों को लेकर चर्चा कर रहे हैं। हालांकि, स्थानांतरण के पीछे के वास्तविक कारणों को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने आना बाकी है। ऐसे में चर्चाओं के आधार पर किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। स्थानीय स्तर पर इस घटनाक्रम को लेकर लोगों की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोगों के बीच यह सवाल भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर अमानगंज थाना प्रभारी का स्थानांतरण किन परिस्थितियों में किया गया। फिलहाल पुलिस विभाग की ओर से इस संबंध में कोई अलग स्पष्टीकरण सामने आने की जानकारी नहीं है।

पन्ना जिले में कई अधिकारियों की नई पदस्थापना- जारी सूची के अनुसार, निरीक्षक हेमंत कुमार नायक को कोतवाली पन्ना, निरीक्षक रोहित कुमार मिश्रा को अमानगंज तथा निरीक्षक गिरजाशंकर वाजपेयी को धरमपुर में पदस्थ किया गया है। वहीं, निरीक्षक हरि सिंह ठाकुर को रक्षित केंद्र पन्ना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में उपनिरीक्षक संतोष सिंह यादव को अजयगढ़ तथा उपनिरीक्षक अनिल सिंह राजपूत को देवेंद्रनगर में नई जिम्मेदारी दी गई है।

नए थाना प्रभारी के सामने होंगी चुनौतियां- अमानगंज में नए थाना प्रभारी रोहित कुमार मिश्रा के सामने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण करने और आम नागरिकों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास कायम रखने की जिम्मेदारी होगी। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को उनसे बेहतर पुलिसिंग, त्वरित कार्रवाई और आम लोगों की समस्याओं के समाधान की उम्मीद रहेगी। फिलहाल अमानगंज में थाना प्रभारी के स्थानांतरण को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। अब देखना होगा कि नए थाना प्रभारी की पदस्थापना के बाद क्षेत्र की पुलिस व्यवस्था किस दिशा में आगे बढ़ती है और जनता की अपेक्षाओं पर पुलिस प्रशासन कितना खरा उतरता है।

जमीन से बेंच-डेस्क तक का सफर, जेके सीमेंट की पहल से अमानगंज के ग्रामीण स्कूलों में खिली बच्चों की मुस्कान





अमानगंज। बेहतर शिक्षा और मजबूत बुनियादी सुविधाएं ही उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। इसी सोच के साथ जेके सीमेंट ने अमानगंज क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में सराहनीय पहल की है। कंपनी द्वारा क्षेत्र के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए बेंच-डेस्क उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे बच्चों को पढ़ाई के लिए सुविधाजनक और सम्मानजनक वातावरण मिल सके। जिन विद्यालयों में विद्यार्थी जमीन या टाट-पट्टी पर बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर थे, वहां अब बेंच-डेस्क की सुविधा मिलने से कक्षाओं का माहौल बदल रहा है। इस पहल से बच्चों को आरामदायक स्थिति में बैठकर पढ़ने का अवसर मिल रहा है, वहीं उनके चेहरों पर भी खुशी दिखाई दे रही है। बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने की दिशा में कंपनी का यह प्रयास ग्रामीण शिक्षा को मजबूती देने वाला कदम माना जा रहा है।

बच्चों के सपनों को मिल रही नई उड़ान

ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी अक्सर विद्यार्थियों की पढ़ाई को प्रभावित करती है। ऐसे में विद्यालयों में बेंच-डेस्क उपलब्ध कराने से बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिल रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को संसाधनों की कमी से होने वाली परेशानियों से राहत दिलाना और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है। जेके सीमेंट की इस पहल की विद्यालयों के शिक्षकों, अभिभावकों और ग्रामीणों द्वारा सराहना की जा रही है। उनका मानना है कि स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कंपनी ने स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराकर सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है।

शिक्षा के साथ ग्रामीण विकास पर जोर

जेके सीमेंट ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में विभिन्न सामुदायिक पहलों के माध्यम से योगदान दे रही है। विद्यालयों में बेंच-डेस्क उपलब्ध कराने का यह प्रयास इसी सामाजिक सरोकार का हिस्सा है। अमानगंज क्षेत्र में इस पहल से ग्रामीण विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। बच्चों के लिए सुविधाजनक कक्षाएं तैयार करना न केवल वर्तमान की जरूरत है, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। बेहतर सुविधाओं के बीच पढ़ते बच्चों की मुस्कान इस पहल की सार्थकता को दर्शाती है।

खाद के लिए सड़क पर उतरे किसान, तिलक राज पटेल ने सरकार को दिया दो दिन का अल्टीमेटम

ई-टोकन व्यवस्था से परेशान किसानों का अमानगंज में प्रदर्शन, चक्काजाम का प्रयास; तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन





अमानगंज। खेतों में फसल तैयार करने की चिंता और दूसरी ओर खाद के लिए टोकन की जद्दोजहद। किसानों का आरोप है कि खाद उपलब्ध होने के बावजूद ई-टोकन व्यवस्था और सर्वर की समस्या ने उनकी परेशानी बढ़ा दी है। इसी मुद्दे को लेकर गुरुवार को समाजसेवी तिलक राज पटेल के नेतृत्व में किसानों ने अमानगंज में प्रदर्शन किया। आक्रोशित किसानों ने अमानगंज-किशनगढ़ मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर अमानगंज पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाइश दी। प्रदर्शन के दौरान तिलक राज पटेल ने सरकार और प्रशासन की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि किसानों को खाद उपलब्ध कराना है, तो ई-टोकन व्यवस्था को सरल बनाया जाए। उन्होंने मांग की कि टोकन बुकिंग की सुविधा कम से कम 12 घंटे तक उपलब्ध हो, ताकि किसान समय पर खाद प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि किसान खेतों में काम करने के बजाय मोबाइल पर टोकन बुक करने और सर्वर चालू होने का इंतजार करने को मजबूर हैं। यदि सरकार किसानों को खाद नहीं दे पा रही है, तो उन्हें स्पष्ट रूप से बता दिया जाए, ताकि वे रोज-रोज की परेशानी से बच सकें। किसान राम प्रकाश पटेल ने भी व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि किसान खेती करे, ट्रैक्टर चलाए या टोकन के लिए चक्कर काटता रहे? खाद की व्यवस्था में ही किसानों का समय बर्बाद हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि खाद वितरण की प्रक्रिया सुचारु बनाई जाए, जिससे किसानों को समय पर खाद मिल सके।

22 दिनों से परेशानी, अब दो दिन का अल्टीमेटम

किसानों का आरोप है कि पिछले 22 दिनों से ई-टोकन बुकिंग में सर्वर संबंधी समस्याओं के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने टोकन बुकिंग का समय एक घंटे से बढ़ाकर 12 घंटे करने, जरूरत पड़ने पर बिना टोकन खाद वितरण कराने, स्टॉक की ऑनलाइन जानकारी दर्ज नहीं करने वाले संचालकों पर कार्रवाई करने और खाद की कालाबाजारी रोकने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कलेक्टर पन्ना के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही प्रशासन को दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में खाद की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। अब देखना होगा कि प्रशासन किसानों की मांगों पर कितनी जल्दी कार्रवाई करता है। फिलहाल किसानों की निगाहें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं। किसानों ने स्पष्ट किया है कि खाद की समस्या का समाधान नहीं होने पर वे दोबारा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

गुनौर में श्री बाला जी नव दुर्गा उत्सव समिति की माता रानी का भव्य विसर्जन, अर्जुन तालाब में दी गई विदाई

गुनौर। नगर के बस स्टैंड पर विराजमान माता रानी की प्रतिमा का कल श्रद्धा, उल्लास और नम आंखों के साथ भव्य विसर्जन संपन्न हुआ। श्री बाला जी नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस विसर्जन महोत्सव में पूरा नगर माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। विगत दिनों से चल रहे शारदीय नवरात्रि महोत्सव के समापन पर समिति द्वारा माता रानी की विदाई के लिए एक विशाल विसर्जन यात्रा का आयोजन किया गया। विसर्जन से पूर्व बस स्टैंड स्थित पंडाल में माता रानी की विशेष महाआरती की गई और छप्पन भोग लगाया गया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों, डीजे और पारंपरिक भजनों की धुनों के साथ भव्य झांकी (चल समारोह) की शुरुआत हुई। यह भव्य झांकी बस स्टैंड से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। झांकी के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते-नाचते नजर आए। जगह-जगह नगर वासियों ने माता रानी की आरती उतारी और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। नगर भ्रमण के बाद माता रानी की पावन प्रतिमा को अर्जुन तालाब ले जाया गया। यहाँ समिति के पदाधिकारियों और पुरोहितों की उपस्थिति में पूरे विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चार और महाआरती के साथ माता रानी को भू-विसर्जन/जल-विसर्जन कर अंतिम विदाई दी गई। भक्तों ने १अगले बरस तू जल्दी आ० के गगनभेदी नारों के साथ माता से सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्य, गणमान्य नागरिक और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप

छतरपुर में कोटवारों का सत्याग्रह शुरूः सरकारी कर्मचारी घोषित करने की मांग को लेकर मेला ग्राउंड में दिया जा रहा धरना



छतरपुर। जिले में कोटवारों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सत्याग्रह आंदोलन का आगाज कर दिया है। मध्य प्रदेश आजाद कोटवार संघ भोपाल के बैनर तले जिला इकाई द्वारा कलेक्टर कार्यालय के बाहर मेला ग्राउंड में पंडाल लगाकर यह प्रदर्शन शुरू किया गया है। संघ के जिलाध्यक्ष बाबूलाल राही ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा उनकी मांगों को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है। कई बार ज्ञापन सौंपे जाने और उच्च स्तर पर आदेश होने के बावजूद स्थानीय अधिकारियों द्वारा उनकी उपेक्षा की जा रही है, जिसके चलते उन्हें मजबूरन सत्याग्रह का रास्ता अपनाना पड़ा है। यह आंदोलन पूरे प्रदेश में 22 से 28 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। यदि सरकार इस दौरान उनकी मांगें पूरी नहीं करती है, तो 31 अक्टूबर से भोपाल में अनिश्चितकालीन हड़ताल और धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा और सेवा भूमि पर मालिकाना हक की मांग

आंदोलन के दौरान कोटवारों ने प्रमुख रूप से मांग की है कि उन्हें चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए और नियमित किया जाए। इसके अलावा, जिन कोटवारों को सेवा भूमि मिली हुई है, उन्हें उस भूमि का पूर्ण भूमिस्वामी अधिकार प्रदान किया जाए। जिलाध्यक्ष ने याद दिलाया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा यह घोषणा की गई थी, लेकिन जमीन पर इसका पालन नहीं हुआ है।

वर्दी घोटाले और सीयूजी सिम को लेकर आक्रोश

कोटवार संघ ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ष 2023 में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा कोटवारों को सीयूजी मोबाइल कनेक्शन देने की घोषणा की गई थी, जो आज तक नहीं मिल सकी है। इसके साथ ही, वर्दी के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया गया है। कोटवारों का कहना है कि उनके खातों में आने वाला वर्दी का पैसा अब मिलना बंद हो गया है और ठेकेदारों द्वारा बड़े पैमाने पर गबन किया गया है। पूरे प्रदेश के कोटवारों के नाम पर 17 करोड़ रुपये खर्च कर घटिया वर्दी सिलाकर भेज दी गई है, जो किसी भी कर्मचारी के उपयोग लायक नहीं है। संघ की मांग है कि वर्दी की राशि सीधे उनके खातों में ट्रांसफर की जाए।

प्रशासनिक कार्यों के बावजूद अनदेखी

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि प्रशासन द्वारा कोटवारों से मैदानी स्तर पर हर प्रकार के शासकीय कार्य कराए जाते हैं, लेकिन जब उनके अधिकारों और हक की बात आती है तो उनकी मांगों को लगातार दबाया जा रहा है। कोटवार संघ ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा।

स्व. पं. राम सुफल पांडे की पुण्यतिथि पर वृद्धाश्रम में फल वितरण



छतरपुर। स्वर्गीय पंडित राम सुफल पांडे की 11वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र सुदीप पाण्डेय द्वारा स्थानीय वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को फल वितरण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं परिजनों ने स्वर्गीय पांडे जी के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. पं. राम सुफल पांडे जी का संपूर्ण जीवन सत्य, न्याय और उच्च आदर्शों की राह पर आधारित रहा। उनके विचार और जीवन दर्शन समाज के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा एवं फल वितरण कार्यक्रम के दौरान छतरपुर नगर पालिका उपाध्यक्ष विकेन्द्र वाजपेई, व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक लालचंद लालवानी, वरिष्ठ व्यवसायी सुरेश मिश्रा, दयाशंकर तिवारी, नितेंद्र सिंह बुंदेला, ऋषि तिवारी सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं बंधुवर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मौत का जाल बनीं बंद पत्थर खदानें, 200 फीट गहरे गड्ढों में भरा पानी; बच्चों की सुरक्षा पर सवाल



लवकुशनगर। छतरपुर जिले की क्रेशर मंडी प्रकाश बम्होरी और दिदवारा में बंद पड़ी पत्थर खदानें अब लोगों की जान के लिए खतरा बनती जा रही हैं। सालों से खुली पड़ी इन विशालकाय खदानों में बारिश का पानी भर गया है, जिससे हादसों का जोखिम और बढ़ गया है। आरोप है कि कई खदानों के आसपास न तार फेंसिंग है, न बाउंड्रीवॉल और न ही बैरिकेडिंग। चेतावनी बोर्ड और सुरक्षा के दूसरे इंतजाम भी नदारद हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर लोगों की जान की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है?

जिले में ख़ासकर प्रकाश बम्होरी थाना क्षेत्र एवं दिदवारा क्रेशर मंडी में कई ऐसी पत्थर खदानें हैं, जिनका संचालन बंद हो चुका है, लेकिन उन्हें सुरक्षित करने के लिए जरूरी इंतजाम नहीं किए गए हैं। बताया जा रहा है कि कुछ खदानें करीब 200 फीट तक गहरी हैं। बारिश के बाद इनमें पानी भर जाने से गहराई का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो जाता है।स्थानीय लोगो का आरोप हैं कि खदानों को खुला छोड़ दिए जाने के कारण कई बच्चे हादसों का शिकार होकर अपनी जान गंवा चुके हैं। हालांकि, इन घटनाओं की संख्या और विवरण की आधिकारिक पुष्टि किया जाना जरूरी है।

कुछ बंद विशालकाय खदानें मुख्य सड़क के आसपास स्थित हैं, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, राहगीर और वाहन चालक गुजरते हैं। आसपास के खेतों में काम करने वाले किसान भी अपने परिवार और बच्चों के साथ आते-जाते हैं। ऐसे में यदि कोई बच्चा खेलते हुए या नहाने के लिए पानी से भरी खदान में उतर जाए, तो गहराई और सुरक्षा के अभाव में गंभीर हादसा हो सकता है। पानी के कारण खदान के किनारे और ढलान का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे खतरा और बढ़ जाता है।

खनिज विभाग की भूमिका पर सवाल

तो वही मामले में खनिज विभाग और जिला प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगो का आरोप कि खदानों से जुड़े खतरों की जानकारी होने के बावजूद प्रभावी सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं। प्रशासन और खनिज विभाग जिले की बंद पड़ी खदानों का सर्वे कराएं। खदानों की गहराई, पानी की स्थिति और आसपास की आबादी को देखते हुए खतरनाक स्थलों पर तत्काल बैरिकेडिंग, मजबूत सुरक्षा घेरा और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। संबंधित खदान संचालकों की जिम्मेदारी भी निर्धारित की जानी चाहिए।

अमर मैरिज गार्डन में मिला नकली खाद का जखीरा, मातगुंवा थाना प्रभारी ने की छापामार कार्यवाही, कई जगह नकली खाद का कारोबार होने की संभावना



छतरपुर । जिला कलेक्टर मृणाल मीना के द्वारा अवैध एवं नकली खाद के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के बाद भी छतरपुर में नकली एवं अवैध खाद का गोरख धंधा थम नहीं रहा है अब तक 5 लोगों पर एफआईआर भी चुकी है। आज मातगुंवा थाना प्रभारी अंकुर चौबे ने नारायणपुरा रोड स्थित अमर मैरिज गार्डन में छापामार कार्यवाही करते हुए करीब 700 बोरी नकली खाद बरामद की है। यह अमर मैरिज गार्डन अमर चौरसिया का है, और अमर चौरसिया ने अनुराग शर्मा के कहने पर किसी आदित्य नाम के व्यक्ति को 15 हजार रूपये प्रतिमाह किराये पर दिया था लेकिन उसके दस्तावेज जमा नहीं कराए गये थे। बीते रोज मातगुंवा थाना प्रभारी ने एक पिकअप में 70 बोरी डीएपी खाद का परिवहन करते पकड़ा था और पकड़े गये दो लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई गई। जब मातगुवां थाना प्रभारी ने पकड़े गये दो लोगों से पूंछतांछ की तो उन्होंने बताया कि नारायणपुरा रोड स्थित अमर मैरिज गार्डन में भारी मात्रा में नकली खाद रखा हुआ है। यह जानकारी मिलते ही मातगुवां थाना प्रभारी ने नारायणपुरा रोड पहुंचकर अमर मैरिज गार्डन में छापामार कार्यवाही की तो वहां भारी मात्रा में नकली खाद बरामद हुई। मैरिज हाउस संचालक से पूंछतांछ करने पर पता चला कि उसने अनुराग शर्मा के कहने पर आदित्य नामक व्यक्ति को किराये पर दिया था। इस पूरे मामले में बारीकी से जांच चल रही है। वहीं यह भी आशंका है कि छतरपुर में और भी कई जगह नकली खाद का कारोबार हो रहा है। जिस स्थान पर नकली खाद का जखीरा पकड़ा गया है वह स्थान उपसंचालक कृषि कार्यालय से ज्यादा दूरी पर नहीं है फिर भी कृषि विभाग के अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लग पाई। वहीं जब इस संबंध में मातगुवां थाना प्रभारी अंकुर चौबे से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि नारायणपुरा रोड स्थित अमर मैरिज गार्डन से भारी मात्रा में खाद पकड़ी है जिसकी जांच चल रही है।

दबंगों ने बुजुर्ग दंपत्ति समेत परिजनों को लाठी-रॉड से पीटा, घर पर किया पथराव



छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरैया गांव में मंदिर के बाहर चल रहे भजन-कीर्तन के दौरान गाने-बजाने को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपियों ने लाठी, डंडों और लोहे की रॉड से हमला करने के साथ-साथ पीड़ितों के घर पर पथराव भी किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गौरैया निवासी 75 वर्षीय खज्जु अहिरवार पिता हरलाल अहिरवार गांव में शंकर जी के मंदिर के बाहर चल रहे भजन-कीर्तन में मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने भजन सही ढंग से गाने-बजाने की बात कह दी। इसी बात से नाराज होकर गांव के ही अम्बु अहिरवार, बाबूलाल अहिरवार, राहुल अहिरवार, दिलीप अहिरवार सहित करीब 15 लोगों ने उनके साथ बहस शुरू कर दी और मारपीट पर उतारू हो गए। विवाद इतने पर ही नहीं थमा। बीते रोज शाम के समय आरोपी एकजुट होकर खज्जु अहिरवार के घर पहुंचे और पथराव शुरू कर दिया। जब परिजनों ने बचाव करने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला बोल दिया। इस हिंसक हमले में 75 वर्षीय खज्जु अहिरवार, उनकी 70 वर्षीय पत्नी रामकुंवर अहिरवार, 45 वर्षीय रामलाल अहिरवार (पिता हरलाल अहिरवार) तथा 40 वर्षीय दशरथ अहिरवार (पिता खज्जु अहिरवार) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित पक्ष ने सिविल लाइन थाना पुलिस से मामले की शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मुंगफली तोड़ने आ रहे मजदूरों की पिकअप पलटी, 37 घायल; 16 की हालत गंभीर



छतरपुर। कटनी जिले के वादा इम्लाज गांव से छतरपुर मुंगफली की फसल निकालने आ रहे मजदूरों से भरी एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में गाड़ी में सवार लगभग 37 मजदूर घायल हो गए, जिनमें से 16 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। हादसा देर रात लगभग 3 बजे जुझारनगर के पास हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कटनी जिले से सभी 37 मजदूर पिकअप वाहन में सवार होकर मजदूरी के लिए छतरपुर आ रहे थे। बताया जा रहा है कि पिकअप चालक अत्यधिक शराब के नशे में था, जिसके कारण वाहन पर से उसका नियंत्रण खो गया और पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सभी गंभीर रूप से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार जारी है। घायलों में शिवा कुमार आदिवासी पिता अनुज कुमार, 14 वर्ष, राधा आदिवासी पति कन्हैया, 20 वर्ष, गयाबाई आदिवासी, सीता बाई, अमिया बाई, संजना, संगीता, पान बाई, नंदनी, लल्ले बाई, राजा आदिवासी, रतनलाल, शिवनंदन, सुरेश, गेंदा और कन्हैया शामिल हैं। वहीं बताया जा रहा है कि शिवा कुमार आदिवासी गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

शराब के नशे में गाली-गलौज का विरोध करने पर वारदात, पीड़ित थाने पहुंचे

गढ़ीमलहरा के सिन्दूखी में भजन संध्या के दौरान विवाद, दबंगों ने लाठी-डंडों से परिवार पर किया हमला



छतरपुर। गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिन्दूखी के हरिजन मोहल्ले में दशहरा समारोह और संत रविदास जी के भजन कार्यक्रम के दौरान असामाजिक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया। विवाद का विरोध करने पर आरोपियों ने एक ही परिवार के वरिष्ठ नागरिकों सहित युवाओं के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ितों ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

भजन संध्या में नशे में पहुंचे आरोपी, पंच को दी गालियां

मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार, 20 तारीख की है। गाँव के हरिजन मोहल्ले में ग्रामीण एकत्र होकर संत रविदास जी के भजन गा रहे थे और साथ ही दशहरा समारोह का आयोजन चल रहा था। इसी दौरान गाँव का ही राजू अहिरवार अत्यधिक शराब के नशे में वहां पहुँचा और मौजूद पंच को अकारण गालियाँ देने लगा। जब वहां मौजूद ग्रामीणों ने उसे ऐसा करने से रोका और समझा-बुझाकर शांत कराने का प्रयास किया, तो वह देख लेने की धमकी देते हुए चला गया।

अन्य साथियों के साथ लौटकर बोला हमला, वृद्धों को भी नहीं बख्शा

कुछ ही देर बाद आरोपी राजू अहिरवार अपने अन्य सहयोगियों—भूरा, कलिया, किशोरी, देवेंद्र, अरविंद, हंसु अहिरवार, चन्नू अहिरवार और बादल अहिरवार के साथ वापस आया। सभी आरोपियों के हाथों में लाठी और डंडे थे। उन्होंने आते ही वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में 65 वर्षीय छिद्दी अहिरवार पिता गुलैया अहिरवार, 60 वर्षीय केशर अहिरवार पिता लल्लू अहिरवार और 25 वर्षीय हरगोविंद अहिरवार पिता केशर अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

कंटेनर ने फोटोग्राफर को रौंदा, मौके पर दर्दनाक मौत



छतरपुर। महोबा रोड पर आज शाम करीब 6 बजे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार को बुरी तरह रौंद दिया। यह दर्दनाक हादसा महोबा रोड स्थित मुक्तिधाम के समीप घटित हुआ, जिसमें बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक पेशे से फोटोग्राफर था और शाम के समय अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। तभी मुक्तिधाम के पास सामने से आ रहे बेकाबू कंटेनर ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मारते हुए उसे कुचल दिया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

नौगांव में फिर चेन स्नेचिंग से मचा हड़कंप हेलमेट पहने दो बदमाशों पर वारदात का आरोप



न्यू लाइट टेलर्स के पास महिला के गले से चेन छीनकर फरार हुए बाइक सवार, लगातार हो रही घटनाओं से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

नौगांव। शहर में चेन स्नेचिंग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला न्यू लाइट टेलर्स के पास का सामने आया है, जहां वार्ड नंबर 08 में रहने वाली एक महिला के गले से चेन छीनने की घटना बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक उमा पांडे की सोने की चेन छीन कर मोटरसाइकिल पर सवार हेलमेट पहने दो लोगों ने कथित तौर पर वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना के बाद मामला नौगांव थाने पहुंचा। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज आरोपियों की पहचान करने में अहम साबित हो सकती है।

लगातार वारदातों से लोगों में नाराजगी

शहर में चेन स्नेचिंग की घटनाएं सामने आने से लोगों में चिंता और नाराजगी बढ़ रही है। बताया जा रहा है कि हाल ही में पुलिस ने चेन स्नेचिंग के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बावजूद एक और घटना की जानकारी सामने आने से बदमाशों पर अंकुश लगाने और शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना होगा कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक कितनी जल्दी पहुंचती है। फिलहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है और घटना से जुड़े तथ्यों की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

छतरपुर में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षणः 75 हजार कटे नामों में सुधार का मौका, 28 अक्टूबर तक करें आवेदन

छतरपुर। जिले में मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान तेजी से चल रहा है। पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान विभिन्न कारणों से कुल 75,169 मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए थे, जिसके बाद अब कुल मतदाताओं की संख्या 13.72 लाख रह गई है। इन कटी हुई सूचियों में स्थानांतरित, मृत, अनुपस्थित और दोहरी प्रविष्टि वाले नाम शामिल थे। नागरिकों की सुविधा के लिए अब प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर पात्र लोगों के नाम दोबारा जोड़े जा रहे हैं।



2003 की अनिवार्यता समाप्त, अब प्रपत्र-6 से आसानी से जुड़ेंगे नाम

शासन के निर्देशों के बाद अब वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम होने की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है, जिससे उन लोगों को बड़ी राहत मिली है जिनका मिलान पहले नहीं हो पा रहा था। जिन नागरिकों के नाम सूची से कट चुके हैं या जो नए मतदाता बनना चाहते हैं, वे प्रपत्र-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ पहचान और पते के प्रमाण के रूप में आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, 10वीं की अंकसूची, बिजली बिल या समग्र आईडी जैसे दस्तावेज संलग्न करने होंगे। यह सभी दस्तावेज स्थानीय बीएलओ के पास जमा किए जा सकते हैं या निर्वाचन आयोग के डिजिटल माध्यमों से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

अब तक 22 हजार से अधिक नए नाम जुड़े, प्रशासन की अपील

एडीएम विनय द्विवेदी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत अब तक 18 से 19 वर्ष के युवाओं के 8 हजार से अधिक और 19 वर्ष से अधिक आयु के 13,825 से ज्यादा नाम जोड़े जा चुके हैं, जिससे कुल 22,495 नए नाम सूची में शामिल हो चुके हैं। प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि जो पात्र व्यक्ति अभी भी छूट गए हैं, वे 28 अक्टूबर की अंतिम तिथि से पहले अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करवाएं। इस पूरी प्रक्रिया के तहत 12 नवंबर को प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा और 4 जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

स्थानांतरित मतदाता- 39408
मृत मतदाता- 16792
अनुपस्थित मतदाता- 13731
दोहरी प्रविष्टि- 4679
अन्य मतदाता- 559

बाल-बाल बचा युवक; मुर्गा और एक हजार रुपये न देने पर वारदात, दहशत में पीड़ित परिवार



चंदला। छतरपुर जिले अंतर्गत चंदला थाना क्षेत्र के छपरा गांव में बीती रात गोलीबारी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। गांव में मामूली बात पर हुए विवाद के बाद एक घर को निशाना बनाते हुए अवैध हथियार से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गई। इस अचानक हुए जानलेवा हमले में घर के बाहर मौजूद एक नवयुवक बाल-बाल बच गया। वारदात के बाद से पीड़ित परिवार सहित पूरे गांव में भारी दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही चंदला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से कारतूस व छर्रे बरामद कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत एक दिन पहले हुई थी। पीड़ित राजाराम राजपूत से गांव के ही निवासी अजय राजपूत ने कथित तौर पर एक देसी मुर्गा और एक हजार रुपये की अवैध मांग की थी। जब राजाराम ने इस अनुचित मांग को पूरा करने से साफ इनकार कर दिया, तो आरोपी ने आक्रोशित होकर देख लेने और गंभीर अंजाम भुगतने की खुली धमकी दी थी। धमकी के अगले ही दिन बीती रात जब पीड़ित परिवार के सदस्य अपने घर के बाहर मौजूद थे, तभी आरोपी अवैध हथियार लेकर मौके पर आ धमका। आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए 315 बोर के कट्टे से सीधे घर की तरफ ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और वहां खड़ा युवक किसी तरह छिपकर बाल-बाल बचा। गोलियों के छर्रे और निशान मकान की दीवार की पट्टी पर साफ देखे जा सकते हैं, जो हमले की भयावहता को दर्शाते हैं।

बनपुरा में जुए को लेकर विवाद के बाद बुजुर्ग दंपती पहुंचा थाने, घर में घुसकर धमकी देने का आरोप



छतरपुर। ओरछा रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत वनपुरा में जुए को लेकर विवाद के बाद बुजुर्ग दंपत्ति ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि गांव के सरपंच राजू राजा सहित अन्य लोगों पर घर में घुसकर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के भी आरोप लगाए हैं। पीड़ित बुजुर्ग महिला का कहना है कि जुए को लेकर हुए विवाद के दौरान उनके घर में घुसकर उन्हें धमकाया गया। उन्होंने इस संबंध में ओरछा रोड थाने में शिकायत की है। वहीं, बुजुर्ग केसर सिंह ने आरोप लगाया कि विवाद के पीछे पुरानी रंजिश और जमीन संबंधी विवाद भी कारण हो सकता है। पीड़ित परिवार का कहना है कि वे पिछले दो दिनों से शिकायत के सिलसिले में थाने के चक्कर लगा रहे हैं। मामले को लेकर थाना पुलिस जांच में जुटी हुई है। फिलहाल, आरोपों की आधिकारिक पुष्टि और पुलिस जांच के निष्कर्ष सामने आना बाकी है।

खबर संक्षेप

जन विश्वास अभियान शिविर आज पुरवा में

रीवा। जन विश्वास अभियान शिविर 23 अक्टूबर को गंगेव विकासखण्ड के पुरवा में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि शासन की उच्च प्राथमिकता के मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविर में सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी योजना में दर्ज आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर में उद्यम संवाद का भी आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत उचित मूल्य दुकान, विद्यालय, अस्पताल तथा आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण भी किया जायेगा। कलेक्टर ने एसडीएम मनगवां संजय जैन तथा सीईओ जनपद पंचायत गंगेव प्राची चौबे को शिविर के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ निकाला मोर्चा

कटनी। बड़वारा के ग्राम नन्हवारा सेझा में महिलाओं ने गांव में लगातार बढ़ रही शराब की बिक्री और उसके दुष्प्रभावों से परेशान होकर शराबबंदी की मांग को लेकर एक बड़ा मोर्चा निकाला।
महिलाओं का कहना है कि गांव में धड़ल्ले से बिक रही शराब के कारण कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। शराब की लत के चलते घरों में आर्थिक तंगी तो बढ़ ही रही है, साथ ही घरेलू कलह और हिंसा का माहौल भी पैदा हो रहा है।

26 जनवरी तक हर हाल में पूरे करने होंगे नल-जल योजनाओं के काम : उप मुख्यमंत्री

डिप्टी सीएम ने की रीवा विधानसभा में जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा, बेहतर संचालन करने वाली पंचायतों को मिलेगी 5-5 लाख रुपए तक की विधायक निधि

रीवा। हर घर तक नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए शुरू किए गए जल जीवन मिशन की रीवा विधानसभा क्षेत्र में रफ्तार सुस्त है। हालात यह हैं कि 23 गांवों में नल-जल योजनाओं की विस्तारित योजना को शासन की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के तीन साल बाद भी नए काम शुरू नहीं हो पाए हैं। इस स्थिति पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने नाराजगी जताते हुए पूरे मामले की जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नल-जल योजनाओं के निर्माण कार्यों को 26 जनवरी तक अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीणों को घरों में ही स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सके।उप मुख्यमंत्री ने गुरुवार को सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में रीवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में योजनाओं की धीमी रफ्तार, अधूरे कार्यों और पूरी हो चुकी योजनाओं का संचालन ग्राम पंचायतों को सौंपने में हो रही देरी का मुद्दा प्रमुखता से उठा। समीक्षा के दौरान सामने आया कि 23 गांवों की विस्तारित नल-जल योजना को शासन ने 3 अक्टूबर 2023 को प्रशासकीय स्वीकृति दी थी, लेकिन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई)





विभाग की लापरवाही के कारण अब तक नए कार्य शुरू नहीं हो सके। इस पर उप मुख्यमंत्री ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि तीन साल बाद भी काम शुरू नहीं होने के कारणों की जांच कराई जाए। साथ ही, लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं को स्वीकृति मिलने के बाद भी काम शुरू नहीं होना गंभीर मामला है। ऐसे मामलों में जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए, ताकि आम लोगों को योजनाओं का लाभ मिलने में अनावश्यक देरी न हो। बैठक में यह भी बताया गया कि 22 जून 2026 को नई एसओआर दरें लागू होने के बावजूद ग्रामीण विकास विभाग के उपयंत्री इस दिशा में अपेक्षित रुचि नहीं ले रहे हैं। इस मामले में भी संबंधित अधिकारियों के बीच समन्वय बढ़ाकर लंबित कार्यों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।पानी समिति की जिम्मेदारी तय, हर घर से वसूला जाएगा 100 रुपए जलकरबैठक में नल-जल योजनाओं के संचालन और संधारण को लेकर नई व्यवस्था की जानकारी भी दी गई। इसके अनुसार, पानी समिति का गठन ग्राम पंचायत करेगी और समिति के अध्यक्ष सरपंच होंगे। एकल नल-जल योजना के संचालन एवं रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत की होगी। बैठक में योजना प्रभारी राजेश पांडेय ने ग्रामवार जानकारी प्रस्तुत कर नल-जल योजनाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान निर्माणाधीन योजनाओं, पूर्ण हो चुकी योजनाओं और संचालन से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में जनपद पंचायत रीवा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी पूनम दुबे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) के सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित 15 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव और संविदाकार उपस्थित रहे।

पूरी हो चुकी योजनाएं पंचायतों को सौंपें

नियमित संचालन भी सुनिश्चित करेंसमीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री ने उन नल-जल योजनाओं के संचालन पर भी जोर दिया, जिनका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसी सभी योजनाओं को संबंधित ग्राम पंचायतों को हैंडओवर कराया जाए और उनका नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए। केवल पाइपलाइन बिछा देने या घरों तक कनेक्शन पहुंचा देने से योजना का उद्देश्य पूरा नहीं होता। ग्रामीणों को नियमित रूप से पानी मिलना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रत्येक घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए विभागीय अधिकारियों और ग्राम पंचायतों को मिलकर काम करना होगा। जिन योजनाओं का निर्माण पूरा हो चुका है, उनके संचालन में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बॉक्स अच्छा काम करने वाली पंचायतों को मिलेंगे पांच-पांच लाख रुपएउप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने जल जीवन मिशन के संचालन को लेकर ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि रीवा विधानसभा क्षेत्र में जिन ग्राम पंचायतों द्वारा नल-जल योजनाओं का बेहतर संचालन किया जाएगा, उन्हें विधायक निधि से पांच-पांच लाख रुपए तक की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में सरपंचों से कहा गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में नल-जल योजनाओं की स्थिति पर नजर रखें और किसी भी तरह की समस्या सामने आने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर उसका समाधान कराएं।

गर्भवती महिलाओं की जांच और कुपोषण मुक्त पंचायत पर जोर

जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने का भी सुझाव दिया। उन्होंने सरपंचों से अपने-अपने क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण करने को कहा। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और जरूरतमंदों को मिलने वाली सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेना है। उन्होंने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं की समय पर सभी जरूरी जांचें कराने, प्लेटलेट्स की जांच सुनिश्चित करने और बच्चों में कुपोषण की समस्या दूर करने के लिए प्रयास करने पर जोर दिया।

दोस्त की साजिश में फंसा बेटा, अपने ही घर में कर दी एक करोड़ के जेवरात की चोरी

सराफा बाजार में गला दिया गया सोना, पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

रीवा। लग्जरी लाइफ जीने की चाहत में जब इंसान अपने ही रिश्तों का लिहाज भूल जाए तो घर की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के कटरा मोहल्ले में ऐसा ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बेटे ने अपने ही घर के लॉकर में रखे करीब एक करोड़ रुपए से अधिक कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। आरोप है कि इस वारदात में उसका पड़ोसी दोस्त भी शामिल था। चोरी के जेवर दोस्त को सौंप दिए गए, जिनमें से सोने के गहने सराफा बाजार में गलाए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने मामले में बेटे सुजीत गुप्ता और उसके दोस्त शरद सोनी को गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायालय में पेश किए जाने के बाद जेल भेज दिया गया है। इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस बेटे पर परिवार को भरोसा



था, उसी पर घर के जेवरात चोरी करने का आरोप है। पुलिस की पूछताछ में बेटे ने कथित तौर पर चोरी के गहने अपने दोस्त को देने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने करीब ढाई किलो चांदी बरामद की है, जबकि सोने के जेवरात गलाए जाने के कारण उनकी बरामदगी चुनौती बन गई है।

जन्मदिन की पार्टी में जाने के लिए खोला लॉकर, गायब मिले सारे गहने

घटना का खुलासा तब हुआ, जब पीड़िता मंजू गुप्ता 14 अक्टूबर को एक जन्मदिन की पार्टी में जाने की तैयारी कर रही थीं। इसके लिए उन्होंने घर में रखा लॉकर खोला तो उसमें रखे कीमती जेवरात गायब मिले। लॉकर से गहने गायब देखकर उनके होश उड़ गए। घर में रखे सोने-चांदी के आभूषणों का पता लगाने की कोशिश की गई, लेकिन जब कोई जानकारी नहीं मिली तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पीड़िता के अनुसार, लॉकर में सोने के हार, मंगलसूत्र, अंगूठियां, करधन, पाजेब और सोने की मोहर सहित कई कीमती आभूषण रखे हुए थे। इनकी कुल बाजार कीमत करीब एक करोड़ रुपए से अधिक बताई गई है। इतनी बड़ी मात्रा में जेवरात गायब होने की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने संदेह के आधार पर जांच आगे बढ़ाई तो मामले में परिवार के ही सदस्य सुजीत गुप्ता का नाम सामने आया। पूछताछ के दौरान सुजीत ने कथित तौर पर बताया कि उसने घर से चोरी किए गए जेवरात अपने पड़ोसी दोस्त शरद सोनी को दे दिए थे।इस जानकारी के बाद पुलिस ने शरद सोनी की भूमिका की जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक, चोरी के जेवरात को ठिकाने लगाने में उसकी भूमिका सामने आई है। मामले की जांच के दौरान यह भी पता चला कि सोने के आभूषणों को गलाकर उनका मूल स्वरूप बदल दिया गया, जिससे उनकी पहचान और बरामदगी मुश्किल हो गई।

न्यूक्लियर पावर प्लांट के खिलाफ जल सत्याग्रह के दौरान महिला आंदोलनकारी की मौत

रीवा। जिले के रोझौही न्यूक्लियर पावर प्लांट के विरोध में पिछले 6 दिनों से जारी जल सत्याग्रह के दौरान एक बड़ा हादसा सामने आया है। सरई कला पंचायत में सत्याग्रह पर बैठी महिला आंदोलनकारी विमला कोल की 22 अक्टूबर 2026 की सुबह तड़के ठंड की वजह से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पावर प्लांट के विरोध में कई ग्रामीणों के साथ विमला कोल भी लगातार जल सत्याग्रह में हिस्सा ले रही थीं। घटना की सूचना मिलते ही सामाजिक कार्यकर्ता शिवानंद द्विवेदी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।





मृतिका के पति जमुना कोल से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि विमला की मौत जल सत्याग्रह और लगातार जारी आंदोलन के कठिन हालात के कारण हुई है। परिजनों और ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के रवैये पर कड़ा रोष जताया है। परिजनों का आरोप है कि इतने दिनों से चल रहे प्रदर्शन और इस दुखद घटना के बावजूद शासन या प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी खबर लेने तक नहीं पहुंचा। उन्होंने प्रशासनिक उपेक्षा और जन-मानस की आवाज को अनसुना करने का गंभीर आरोप लगाया है। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया है कि सत्याग्रह रुकेगा नहीं और आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। इस प्रदर्शन में भारी संख्या में आमजन के साथ आम आदमी पार्टी के नेता प्रमोद शर्मा तथा समाजसेवी विष्णुकांत कुशवाहा एवं दुलहरा ग्राम से समाजसेविका नीलू दहिया एवं अन्य सिविल सोसायटी के लोग भी शामिल हो चुके हैं। आंदोलन का दायरा अब बढ़ता जा रहा है। 22 अक्टूबर 2026 से नजदीकी ग्राम पंचायत क्योटी में क्योटी-कलवारी मुख्य मार्ग के समीप ग्रामीणों ने नया पंडाल सजा लिया है। सत्याग्रहियों ने हुंकार भरते हुए कहा है कि यह आंदोलन अब अनिश्चितकाल के लिए जारी रहेगा। ग्रामीणों ने कहा है कि जब तक शासन प्रशासन न्यूक्लियर पावर प्लांट को वापस लेने का निर्णय नहीं लेता तब तक आंदोलन नहीं रुकेगा।

उप मुख्यमंत्री ने अधिवक्ता संघ सेमरिया के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



रीवा । तहसील कार्यालय परिसर सेमरिया में आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सेमरिया अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सेमरिया बहुत तेजी से विकास कर रहा है। पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी के प्रयासों से सेमरिया क्षेत्र में सड़क सिंचाई, अस्पताल और शिक्षा की सुविधाओं का विकास हो रहा है। व्यवहार न्यायालय सेमरिया की आवश्यकता और अधिकार दोनों है। इस मांग को पूरा कराने के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सेमरिया राजनीति में सुचिता के प्रतीक स्वर्गीय यमुना प्रसाद शास्त्री की कर्मभूमि है। उन्होंने सदैव जनहित के कार्यों को वरीयता दी। आमजनता वोट देकर जनप्रतिनिधि चुनकर विकास की जिम्मेदारी देती है। इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए रात-दिन काम करना पड़ता है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक तथा अन्य क्षेत्रों में तेजी से विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री जी ने 2047 तक देश को सबसे विकसित देश और विश्वगुरू बनाने का लक्ष्य रखा है। यह केवल सुशासन और जनता के सहयोग से ही संभव है। कई देश विरोधी ताकतें देश के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले देशों के सहयोग से विकास में बाधा डालने का प्रयास कर रहे हैं। आमजनता को इनसे सचेत रहने की आवश्यकता है। आज विकास के जो कार्य हो रहे हैं उनका पूरा फल युवा पीढ़ी को ही मिलेगा। उप मुख्यमंत्री ने बाणसागर बांध से विन्ध्य में आई समृद्धि, हवाई सेवा, पर्यटन के क्षेत्र में विकास सहित विन्ध्य के विकास की उपलब्धियों की चर्चा की। समारोह में जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि अधिवक्ता आमजनता को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करते हैं। सेमरिया के अधिवक्ताओं ने यहाँ व्यवहार न्यायालय खोलने की मांग रखी है।

नईगढ़ी में 50 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विधायक गिरीश गौतम ने किया लोकार्पण

आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से क्षेत्रवासियों को मिलेगी बेहतर उपचार सुविधा -विधायक

मऊगंज। जिले के नईगढ़ी में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में 9 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से निर्मित 50 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा एवं नगर परिषद अध्यक्ष नईगढ़ी नागिता गुप्ता भी उपस्थित रहे ।



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक देवतालाब गिरीश गौतम ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त इस नवीन अस्पताल भवन के शुरू होने से नईगढ़ी और आसपास के क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। अस्पताल में आवश्यक जांच, प्रसव, आपातकालीन उपचार और अन्य चिकित्सा सुविधाएं विकसित होने से मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार आमजन के जीवन से सीधे जुड़ा विषय है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अस्पताल भवन क्षेत्र की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना जनकल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नईगढ़ी में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त 50 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण से क्षेत्र के नागरिकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जांच, उपचार और प्रसव संबंधी सुविधाओं की उपलब्धता से मरीजों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में सहूलियत होगी। नवीन भवन क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता को बेहतर बनाने में सहायक होगा। 9 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी, एक्स-रे कक्ष, लेबर रूम, कैजुअल्टी वार्ड, महिला वार्ड, सोनोग्राफी कक्ष, सैंपल कलेक्शन कक्ष, दवा वितरण कक्ष, पंजीयन कक्ष एवं प्रतीक्षालय सहित विभिन्न सुविधाएं विकसित की गई हैं। इसके अतिरिक्त मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, नर्स स्टेशन और रिकॉर्ड रूम सहित आवश्यक कक्षों का निर्माण किया गया है। अस्पताल में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए ट्रांसफॉर्मर एवं जनरेटर सेट की व्यवस्था की गई है। परिसर में स्ट्रीट लाइट के साथ आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए अग्निशमन एवं अलार्म प्रणाली स्थापित की गई है। अस्पताल परिसर में सड़क, जल निकासी, बोरवेल एवं सोकपिट सहित आवश्यक बाह्य विकास कार्य भी पूर्ण किए गए हैं। भवन का निर्माण भूकंपरोधी तकनीक एवं निर्धारित निर्माण मानकों के अनुरूप किया गया है। नवीन अस्पताल भवन के लोकार्पण से नईगढ़ी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को गति मिलेगी। साथ ही नागरिकों को स्थानीय स्तर पर उपचार एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान सेवा निवृत्त कर्मचारियों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर राजेश कुमार ओगरे, श्रीमती सुनीता पटेल,श्रीमती विभा शर्मा, बीएमओ डॉ. रितुराज पाठक सहित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

स्वामित्व योजना की प्रगति में राजस्व एवं ग्रामीण विकास विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें - कलेक्टर

मऊगंज। कलेक्टर राजेश कुमार ओगरे ने स्वामित्व योजना की समीक्षा की। बैठक के दौरान स्वामित्व योजना से जुड़े आवश्यक ऑनलाइन ऐप और संपूर्ण प्रक्रिया का पुनः विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, ताकि काम में और तेजी लाई जा सके।



उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी सीधे अपने-अपने हल्कों में पहुंचे और वहां स्वामित्व योजना से संबंधित प्रशासनिक प्रक्रियाओं में जो बाधाएं हैं उन्हें मौके पर ही निराकृत कराएं। उन्होंने कहा कि पटवारियों के साथ-साथ पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक भी प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान करें। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मैदानी स्तर पर काम की स्पष्ट प्रगति दिखाई देनी चाहिए। राजस्व और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त टीमों को मैदानी स्तर पर काम में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि दैनिक रूप से स्वामित्व योजना में प्रगति दिखे सभी अपने सौंप गए दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता के साथ करें और स्वामित्व योजना से संबंधित लक्षित आम जनों को निशुल्क रजिस्ट्री के रूप में योजना का लाभ दिलाएं। बैठक में अपर कलेक्टर पीके पांडेय, एसडीएम हनुमना राजेश मेहता सहित जिले के समस्त तहसीलदार उपस्थित रहे।

संपत्तिकर के बड़े बकायादारों के विरुद्ध नगर निगम की कुर्की की कार्रवाई जारी, मौके पर 4.4 लाख की वसूली

रीवा।



संपत्तिकर के बड़े बकायादारों के विरुद्ध नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए अधिहरण/कुर्की की कार्रवाई तेज कर दी है। निगमायुक्त अक्षत जैन के निर्देशानुसार एवं सहायक आयुक्त एवं राजस्व अधिकारी रामनरेश तिवारी के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा यह अभियान निरंतर जारी है। बार-बार सूचना दिए जाने एवं अंतिम सूचना पत्र जारी होने के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं करने वाले करदाताओं पर अब नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को जोन क्रमांक 03 में पुलिस बल के साथ अधिहरण/कुर्की के लिए राजस्व टीम के पहुंचते ही बकायादारों ने मौके पर ही बकाया राशि नगर निगम कोष में जमा करा दी। कार्रवाई के दौरान वार्ड क्रमांक 24 में बृजेश सिंह, पुष्पा सोनी, किरण सिंह एवं इन्द्री देवी द्वारा कुल 4,04,871 रुपये की बकाया राशि नगर निगम कोष में जमा कराई गई।नगर निगम द्वारा बताया गया कि संबंधित करदाताओं को बकाया संपत्तिकर जमा करने के लिए समय-समय पर सूचना दी गई थी। इसके बावजूद निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं किए जाने पर मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 173 एवं धारा 174 के अंतर्गत नोटिस जारी कर अंतिम सूचना पत्र जारी किए गए। निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी भुगतान नहीं किए जाने के कारण नियमानुसार अधिहरण/कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि संपत्तिकर के बड़े बकायादारों के विरुद्ध की जा रही यह कार्रवाई प्रारंभिक चरण में है।आगामी दिनों में अन्य बकायादारों के विरुद्ध भी संपत्तिकर एवं अन्य करों की वसूली हेतु अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत नियमानुसार निरंतर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम रीवा द्वारा सभी नागरिकों एवं संपत्तिधारकों से अपील की गई है कि वे अपना संपत्तिकर एवं अन्य देय कर समय-सीमा में जमा करें और अप्रिय कार्रवाई से बचें। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी दीपक सिंह तोमर, सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी, राजस्व निरीक्षक रवि प्रकाश मिश्रा, अतिक्रमण प्रभारी राजेश चतुर्वेदी, अतिक्रमण सहायक ज्ञानेंद्र द्विवेदी एवं उपराजस्व निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा पुलिस बल उपस्थित रहे।